सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए लोक सभा अध्यक्ष ने राजनैतिक दलों की नेताओं से आग्रह किया

सत्रहवीं लोक सभा के नौवें सत्र के दौरान 18 बैठकें होंगी और कुल 108 घंटे का समय उपलब्ध होगा: लोक सभा अध्यक्ष

इस सत्र के दौरान सरकारी कार्य के लिए 62 घंटे उपलब्ध होंगे: लोक सभा अध्यक्ष

शून्यकाल के दौरान उठाई जाने वाली सूचनाओं को प्रस्तुत करने के समय में परिवर्तन किया गया है। अब सदस्य किसी भी दिन-विशेष को प्रातः 0900 बजे से लेकर सत्र के उस दिन के प्रातः 0800 बजे तक अपनी सूचनाएं दे सकते हैं: लोक सभा अध्यक्ष

संसद का सत्र में उचित कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा: लोक सभा अध्यक्ष

लोक सभा अध्यक्ष ने सत्रहवीं लोक सभा के मॉनसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की

नई दिल्ली; 16 जुलाई, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में सत्रहवीं लोक सभा के नौवें सत्र के आरम्भ होने से पहले लोक सभा में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बैठक की।

बैठक में सभी नेताओं का स्वागत करते हुए श्री बिरला ने अवगत कराया कि सत्र 18 जुलाई, 2022 से प्रारम्भ हो रहा है और 12 अगस्त, 2022 को इसके सम्पन्न होने की संभावना है । उन्होंने आगे कहा कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सत्र में 18 बैठकें होंगी और कुल 108 घंटे का समय उपलब्ध होगा जिसमे सरकारी कार्य के लिए लगभग 62 घंटे उपलब्ध होंगे। प्रश्नकाल, शून्यकाल और गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य के लिए बाकि का समय आवंटित किया गया है। सरकारी कार्य के अतिरिक्त, अविलंबनीय लोक महत्व के मामलों पर चर्चा के लिए आवशयकता अनुसार पर्याप्त समय आवंटित किया जाएगा।

श्री बिरला ने यह भी सूचित किया कि शून्यकाल के दौरान उठाई जाने वाली सूचनाओं को प्रस्तुत करने के समय में परिवर्तन किया गया है। अब माननीय सदस्यगण किसी भी दिन-विशेष को प्रातः 0900 बजे से लेकर सत्र के उस दिन के प्रातः 0800 बजे तक अपनी सूचनाएं दे सकते हैं जिस दिन वे सभा में शून्य काल में अपना मामला उठाना चाहते हैं। सोमवार या सप्ताह के पहले कार्य दिवस के लिए सूचनाएं शुक्रवार या पिछले सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस को प्रातः 0900 बजे और सोमवार या उस सप्ताह के पहले कार्य दिवस को प्रातः 0800 बजे के बीच दी जा सकेंगी। सत्र के उसी दिन, जिस दिन सदस्य सभा में अपना मामला उठाना चाहते हैं, प्रातः 0800 बजे तक प्राप्त सूचनाओं का 0800 बजे के तुरंत बाद कंप्यूटर द्वारा बैलट किया जाएगा। पोर्टल शनिवार, रविवार और छुट्टियों वाले दिन ऑनलाइन सूचना प्रस्तुत करने के लिए खुला रहेगा।

श्री बिरला ने यह सूचना भी दी कि विगत सत्रों की तरह इस सत्र में भी उचित कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा तथा इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। सत्र में सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य कोविड-19 प्रोटोकॉल सम्बंधित नियमों का पालन करेंगे और अपना भरपूर सहयोग देंगे। श्री बिरला ने सत्र के दौरान सभा के सुचारू और सुव्यवस्थित कार्य संचालन को सुनिश्चित करने में सभी दलों के नेताओं के सहयोग की अपेक्षा की।